हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025

14 धोलेड़ा के कुशल यादव को नेशनल स्तरीय गोल्फ में मिला...




14 इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



रोजाना बुजुर्ग काट रहे विभाग के कार्यालय में चक्कर

# फैमिली आईडी व आधार कार्ड में अलग-अलग जन्म तिथि मिलने पर 1166 बुजुर्गों की पेंशन अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बुढ़ापा पेंशन में फैमिली आईडी से अन्य दस्तावेजों का मिलान शुरू किए जाने के बाद पेंशन बनाने की प्रक्रिया में बड़ी खामी सामने आई है। इसमें आधार कार्ड व फैमिली आईडी में अलग-अलग जन्म तिथि मिली तो समाज कल्याण विभाग ने 1166 बुजुर्गों की पेंशन रोक दी है। इन्हें पिछले दो माह से पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा। उम्र मिलान का काम पूरा होने के बाद यदि इन 1166 बुजुर्गों में से किसी बुजुर्ग की आयु गलत मिली तो विभाग 12 प्रतिशत ब्याज के साथ रिकवरी करेगा। हालांकि अभी तक सरकार ने रिकवरी के आदेश जारी नहीं किए है। मिलान कार्य पूरा होने के बाद विभ्ज्ञाग रिकवरी को लेकर आगामी कार्रवाई कर सकता है।

अब स्थिति यह है कि रोजाना 25 से 30 बुजुर्ग पेंशन रूकने की समस्या लेकर विभाग के कार्यालय पहुंच रहें है। पेंशन रोके जाने के बाद हरिभूमि ने विभाग के कार्यालय में पहुंचकर यहां आने वाले बुजुर्गों की आयु को लेकर वास्तविकता जानी। इनमें तीन ऐसे केस मिले जो तीन से चार साल पहले ले रहे हैं लेकिन उनकी आयु एक साल के समय के बीच ही पेंशन लेने के नियमों में शामिल हुई है। एक बुजुर्ग ने बताया कि वह पिछले सात साल से बुढ़ापा पेंशन का लाभ ले रहा है। उसके वोटर आईडी कार्ड में जन्मतिथि दर्ज नहीं है जबकि आधार कार्ड में दर्ज तिथि व फैमिली आईडी में दर्ज तिथि अलग–अलग है। पहले सरकार ने आधार कार्ड पर दर्ज जन्मतिथि के रिकॉर्ड अनुसार पेंशन लगा दी, लेकिन अब जन्मतिथि का सबूत मांगा जा रहा है।

### जिले में है विभिन्न पेंशन के 1 लाख 79 हजार 266 लाभार्थी

**इन पेंशन के पेंशनधारक ले रहें यह राशि**

| पेंशन का नाम | लाभार्थी | राशि (प्रति माह प्रति लाभार्थी) |
|---|---|---|
| बुजुर्ग पेंशन | 102512 | 3000 |
| दिव्यांग पेंशन | 7681 | 3000 |
| विधवा पेंशन | 29019 | 3000 |
| बेसहारा बच्चों को वित्तीय सहायता | 7749 | 2100 |
| लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता | 1514 | 3000 |
| स्कूल न जाने वाले विकलांग बच्चे | 380 | 2400 |
| बौने को भत्ता | 1 | 3000 |
| किन्नर भत्ता | 4 | 3000 |
| विधुर व अविवाहित को वित्तीय भत्ता | 3403 | 3000 |
| स्टेज थ्रड व फोर्थ कैंसर रोगी को भत्ता | 246 | 3000 |
| दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना | 26757 | 2100 |

### यह कहते है अधिकारी

जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि फैमिली आईडी व आधार कार्ड में जन्मतिथि अलग–अलग होने के कारण बुजुर्गों की पेंशन रूकी है। ऐसे बुजुर्ग नजदीकी सीएससी सेंटर में सही जानकारी अपलोड करवाएं। इन बुजुर्गों के दस्तावेजों की वेरिफिकेशन एडीसी कार्यालय ने क्रीड विभाग द्वारा शुरू की जा रही है। खामियां दुरूस्त होने के बाद पेंशन समस्या ओटोमेटिक दूर हो जाएगी।

### यूं समझे पेंशन रोकने का कारण

कुछ समय पहले ही विभाग द्वारा सभी जिलों में बुजुर्ग लाभार्थियों की आय का डिजिटल सत्यापन किया था। जांच में सामने आया कि इन बुजुर्ग की आय पेंशन लेने के नियमों के विरूद्ध है। इसके बाद सरकार ने फैमिली आईडी से अन्य दस्तावेजों को लेकर जन्म तिथि का मिलान शुरू किया है। फैमिली आईडी के बनने से पहले विभाग द्वारा वोटर आईडी पर दर्ज जन्मतिथि व मेडिकल बोर्ड की जांच आधार पर दर्ज की गई आयु अनुसार बुजुर्गों की पेंशन बनाई जाती थी लेकिन अब सरकार फैमिली आईडी पर दर्ज रिकॉर्ड अनुसार ही पेंशन बना रही है। जिन बुजुर्गों की पेंशन विभाग ने रोकी है। इनकी आयु फैमिली व अन्य दस्तावेजों में अलग-अलग मिली है।

## खबर संक्षेप



कनीना। समारोह में प्रवक्ता सचिन कुमार को सम्मानित करते आयोजक।

### कनीना के शिक्षक को मथुरा में मिला सम्मान

**कनीना।** सामाजिक संगठन दक्षिण एशिया विकास मंच, बृज कला साहित्य अकादमी व जीएलए विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मथुरा में आयोजित समारोह में कनीना के शिक्षक सचिन कुमार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा व समाज के प्रति योगदान को देखते हुए 'इंटरनेशनल एजुकेशन आइडल सम्मान' प्रदान किया गया। इस समारोह में दूर-दराज से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, प्रखर विचारकों ने भी हिस्सा लिया। प्रवक्ता सचिन कुमार को मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करने का अवसर मिला। इस समारोह में भारतीय पुलिस व प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर व साहित्यकार उपस्थित थे। चर्चित रंगकर्मी एवं साहित्यकार डॉ. सुधांशु कुमार चक्रवर्ती द्वारा 'सत्ता' नाटक का एकल अभिनय किया गया। सचिन कुमार को सम्मान मिलने पर क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने खुशी जताई है।

### खेड़ी में गांजा बेच रहे युवक को किया काबू

**कनीना।** कनीना सदर थाना पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक युवक से नशीला पदार्थ गांजा काबू किया है। थाना इंचार्ज सजन सिंह ने बताया कि नशीले पदार्थ की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक किशोर कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गांजा बेच रहे युवक की ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी भारत भूषण की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो गांजा बरामद हुआ। उसका वजन 145 ग्राम मिला। आरोपित युवक की पहचान सवाई सिंह वासी खेड़ी के रूप में हुई है।

अटेली के नजदीकी गांव गुजरवास की घटना

# एक साल पहले किया प्रेम विवाह, पत्नी मायके से नहीं लौटी तो युवक ने जहर खाकर जान दी


**आरोप : पत्नी ने कहा था, गांव में रहना होगा, नहीं तो वापस नहीं आऊंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अभिभावकों की इच्छा को दरकिनार कर लव मैरिज करनी एक युवक को भारी पड़ गई। क्षेत्र के गांव गुजरवास में प्रेम विवाह करने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या करने से पहले युवक ने आपबीती पीड़ा भरा करीब 10 मिनट का एक वीडियो बनाया तथा उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। अटेली पुलिस वीडियो एवं परिजनों के आरोपों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

गांव गुजरवास निवासी अनुज ने करीब एक वर्ष पूर्व दिसंबर माह में घर से भागकर नजदीकी गांव मोहम्मदपुर (मोहनपुर) निवासी एक युवती से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों कुछ समय झज्जर में रहे और फिर अटेली में किराए पर कमरा लेकर रहने लगे। दोनों एक दुकान में काम कर अपने भविष्य को संवारने की कोशिश कर रहे थे।

इसी दौरान उसकी पत्नी गर्भवती हुई और एक बच्ची को जन्म दिया। बेटी के जन्म उपरांत लड़की के परिजन उसे जापे के तौर पर अपने घर ले गए। अनुज का आरोप था कि उसकी पत्नी के परिजन उसे लगातार भड़काते रहे और उसे उसके साथ रहने से रोकते रहे। पत्नी उसके साथ तभी रहना चाहती थी, जब वह उसे अपने घर गांव लेकर जाए। लड़के की ऐसी स्थिति बन गई कि वह घर का रहा, न घाट का। वीडियो के अंत में युवक अपनी पत्नी का नाम लेकर कहता है कि 'तूने एक मां का लाल छीन लिया। तुझे बद्दुआ लगेगी। तुझे कहीं सुख नहीं मिलेगा'।

मंडी अटेली। वीडियो में अपनी आपबीती सुनाता अनुज व अपनी पत्नी के साथ अनुज का पुराना फोटो।

### पत्नी और उसके माता-पिता को बताया जिम्मेदार

युवक अनुज ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया हुआ है। वीडियों में युवक अनुज ने बताया कि उसने अपने घर वालों के खिलाफ जाकर शादी की थी और परिस्थिति सामान्य होने पर ही पत्नी को घर ले जाने की बात कही थी। कई बार प्रयास करने के बावजूद पत्नी उसके साथ वापस नहीं आई, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गया। वीडियो में अनुज बेहद भावुक दिखाई दे रहा है। वह कहता है कि तीन महीने से अकेला रह रहा है। कोई बात करने वाला भी नहीं है। हर पल परेशान रहता है। उसने पत्नी और उसके परिजनों पर शादीशुदा जीवन खराब करने का आरोप लगाया है। वीडियो के अंत में उसने सल्फास की पुड़िया दिखाते हुए अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी व उसके माता-पिता को बताया है।

### जांच शुरू कर दी

*अटेली थाना प्रभारी सज्जन सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक के आत्महत्या के वीडियो और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

### लव मैरिज के चक्कर में छोड़ी ग्रुप डी की नौकरी

वीडियो में युवक बताता है कि प्यार के लिए उसने सरकारी नौकरी तक छोड़ रखी है। वह डी-ग्रुप की जॉब में लगा था, लेकिन उसने जब भागकर लव मैरिज की तो उसे नौकरी छोड़नी पड़ी। अब और नहीं झेल सकता।

### मां-बाप जैसा प्यार कहीं नहीं

युवक भावुक होकर वीडियो के अंत में कहता है कि मां-बाप जैसो प्यार कितै कोन्या। कोई समझ नहीं थी। मम्मी-पापा के अलावा कोई नहीं समझ सकता। लव मैरिज ने उसे अकेला कर दिया, सब छुड़वा दिया। वरना उसका भी परिवार था, भाई-बहन थे। सभी को लव मैरिज में छोड़ दिया। गलत किया।

### रास्ते में तोड़ा दम

*युवक अनुज के सल्फास खाने की इंस्टाग्राम पर दोस्तों ने जब वीडियो देखी तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। जिस पर परिजनों ने उसे पहले नागरिक अस्पताल और फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया गया, जिस पर परिजन उसे जयपुर लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बावजूद अनुज ने दम तोड़ दिया।*




निजामपुर। शराब के ठेकों का औचक निरीक्षण करते हुए थाना इंचार्ज रवि कुमार।

## ठेकों पर बैठकर शराब पीने व पिलाने वालो पर पुलिस करेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

प्रदेश के डीजीपी ओपी सिंह के दिशा-निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए थाना व चौकी इंचार्जो को नियमित रूप से चेकिंग करने के आदेश थमाए गए हैं। निजामपुर थाना इंचार्ज रवि कुमार ने शनिवार की सुबह विभिन्न ठेकों का औचक निरीक्षण किया तथा सेल्समैनों को निर्धारित नियमों के पालना करने की हिदायत दी गई है।

आपको बता दें कि शराब के ठेकों के आसपास सार्वजनिक स्थलों पर शराबियों का जमावड़ा रहता है। जिनकी अश्लील हरकतों व असभ्य भाषा का इस्तेमाल होने से लोगों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। शिकायत मिलने पर डीजीपी ओपी सिंह ने सभी थाना इंचार्जो को हॉटस्पॉट एरिया के सार्वजनिक स्थलों पर शराबियों की एंट्री पर रोक लगा दी। उन्होंने थाना इंचार्जो को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना या पिलाना नियमों के अनुरूप नहीं है। जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश मिलने पर थाना इंचार्ज रवि कुमार ने सभी शराब के ठेकों के बहार औचक निरीक्षण किया है। पहले दिन उन्होंने शराब पी रहे लोगो को हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही दुबारा पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक स्थानों जैसे होटल, ढाबों, चाय की दुकानों और रेहड़ी संचालकों को नियमों की पालना करने को कहा गया है। इस संदर्भ में निजामपुर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि अक्सर शराब के नशे में लोग सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करते हैं, जिससे झगड़े और अन्य अपराधों की घटनाएं बढ़ती हैं। नशे की हालत में गंभीर वारदातों को भी अंजाम दिया जाता है।

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन

## तीन आरोपित गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

**नारनौल।** जिले में अपराध और अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

***घर के बाहर बेच रहा था शराब :*** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना शहर नारनौल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। पुलिस ने आरोपित दलीप निवासी नई बस्ती, माली टिब्बा को उसके घर के बाहर बने कमरे से अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपित के कब्जे से 11 बोतल और 68 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई।

***प्लास्टिक कट्टे में तस्करी :*** थाना शहर महेंद्रगढ़ की टीम ने गश्त के दौरान डुलाना बस अड्डा के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। आरोपी की पहचान जितेंद्र निवासी आकोदा, महेंद्रगढ़ के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक कट्टे से 13 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की गई।

### राजस्थान का निवासी गिरफ्तार

थाना शहर कनीना की टीम ने रेवाड़ी रोड स्थित नहर के पास दबिश देकर बलवंत निवासी निहालोठ, जिला झुंझुनूं, हाल निवासी कनीना को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से सात बोतल और 23 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और नशा तस्करों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## जो अभ्यर्थी निर्धारित समय में स्लॉट चयन नहीं करेंगे, उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं माना जाएगा, एडमिट कार्ड नहीं होगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कर्मचारी चयन आयोग ने दिल्ली पुलिस की विभिन्न भर्तियों के लिए उम्मीदवारों को बड़ी राहत देते हुए सेल्फ स्लॉट सेलेक्शन की सुविधा शुरू कर दी है। अब अभ्यर्थी अपनी पसंद के अनुसार परीक्षा शहर और परीक्षा तिथि चुन सकेंगे। आयोग द्वारा जारी नोटिस के अनुसार यह सुविधा दिल्ली पुलिस की चार प्रमुख परीक्षाओं-कांस्टेबल ड्राइवर पुरुष, कांस्टेबल कार्यकारिणी पुरुष व महिला, हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्री तथा एसडब्लूओ/टीपीओ हेड कांस्टेबल के लिए उपलब्ध रहेगी। यह सुविधा केवल निर्धारित समय में ही कैंडिडेट पोर्टल पर लॉगिन करके ली जा सकती है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक परीक्षा के लिए स्लॉट चयन की अलग-अलग अंतिम तिथियां तय की गई है। उदाहरण के तौर पर दिल्ली पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर-पुरुष परीक्षा 16 और 17 दिसंबर 2025 को होगी, जिसके लिए स्लॉट चयन पांच दिसंबर से 10 दिसंबर तक खुलेगा। वहीं कांस्टेबल कार्यकारिणी पुरुष व महिला परीक्षा, जो 18 दिसंबर 2025 से छह जनवरी 2026 के बीच आयोजित होगी, उसके लिए 30 दिसंबर 2025 तक विकल्प भरे जा सकेंगे। इसी प्रकार मिनिस्ट्री हेड कांस्टेबल के लिए पांच जनवरी 2026 और एसडब्लूओ/टीपीओ हेड कांस्टेबल के लिए 15 जनवरी 2026 स्लॉट चयन की अंतिम तारीख तय की गई है।

एसएससी ने यह भी कहा है कि कैंडिडेट को अपनी इच्छित परीक्षा तिथि से कम से कम एक सप्ताह पहले स्लॉट चुनना अनिवार्य होगा। एक बार सबमिट किया गया विकल्प अंतिम माना जाएगा और बाद में किसी भी प्रकार का बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात इस नई व्यवस्था के चलते सिटी इंटिमेशन स्लिप अब जारी नहीं की जाएगी और एडमिट कार्ड सीधे परीक्षा से दो-तीन दिन पहले जारी किया जाएगा। आयोग ने चेतावनी दी है कि जो अभ्यर्थी निर्धारित समय में स्लॉट चयन नहीं करेंगे उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं माना जाएगा और उनका एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा।

## अटेली कॉलेज में 4.51 करोड़ से पूरा होगा मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण

- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दी जानकारी
- मल्टीपर्पज हॉल के शेष कार्य के लिए टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

राज्य सरकार ने अटेली राजकीय महाविद्यालय में मल्टीपर्पज हॉल के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करवाने के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं। इसे अगले 1 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा लगभग 4.51 करोड़ रुपये की ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की हैं।

उन्होंने बताया कि इस कार्य को लगभग 1 साल की निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि प्रदेश के हर जिले में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। आरती सिंह राव ने कहा कि यह मल्टीपर्पज हॉल न केवल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गतिविधियों में सहायक होगा, बल्कि खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के 'सबका साथ-सबका विकास' की नीति पर चलते हुए अटेली क्षेत्र के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी विकास की यह रफ्तार इसी तरह जारी रहेगी।

**खुशखबरी** क्षेत्र के युवाओं ने विधायक का जताया आभार, मील का पत्थर साबित होगा खेल स्टेडियम

# साल 2015 में विधायक ने करवाई थी घोषणा, जिले का बड़ा खेल स्टेडियम के लिए बड़ाकेदा व बड़गांव की 13 एकड़ भूमि की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़कोदा और बडगांव की भूमि पर 13 एकड़ में जिला स्तरीय खेल स्टेडियम की मंजूरी मिल गई है। यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। गांव की पंचायत और सरपंचों ने विधायक ओमप्रकाश यादव का आभार प्रकट किया है।

इस आधुनिक स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक तथा मल्टीपरपज, इंडोर हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र में खेल भावना को नई दिशा मिलेगी। यह मंजूरी विधायक ओमप्रकाश यादव के लगातार प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाया। यह स्टेडियम आगामी समय में जिले में खेलों के विकास के लिए एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। क्षेत्र के अनेक युवाओं ने पूर्व मंत्री एवं नारनौल विधायक ओम प्रकाश यादव से उनके आवास पर मिलकर उन्हें इन उपलब्धि के लिए गुलदस्ता भेंटकर धन्यवाद किया।



नारनौल। खेल स्टेडियम मंजूरी के बाद विधायक ओमप्रकाश यादव को आभार जताते युवा।

### वर्ष 2015 में हुई थी घोषणा

*बता दें कि खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई थी। इसकी मुख्यमंत्री घोषणा का कोड 10638 21 अक्टूबर 2015 है। विधायक ओमप्रकाश यादव भी इसके लिए प्रयासरत थे। कार्यक्रम के 15 दिन के अंदर ही खेल महानिदेशक की तरफ से गांव बड़गांव एवं बडकोदा में संयुक्त रूप से 13 एकड़, तीन कनाल एवं दो मरला में खेल स्टेडियम बनाया जाएगा। स्टेडियम निर्माण के लिए गांव बड़गांव ने पहले ही नौ एकड़, तीन कनाल एवं चार मरला का प्रस्ताव पास कर रखा है तथा गांव बड़कोदा ने तीन एकड़, सात कनाल एवं 18 मरला का प्रस्ताव पास कर रखा है। दोनों पंचायतों के संयुक्त प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है तथा खेल महानिदेशक ने भी खेल स्टेडियम के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज, बड़कोदा सरपंच सुंदरलाल, पंच नरेंद्र, प्रभाती लाल बोहरा बड़गांव आदि मौजूद रहें।*

### खेल स्टेडियम में शुरू में इन सुविधाओं का होगा निर्माण

400 मीटर का सिंथेटिक एथलैटिक ट्रैक (फुटबाल ग्राउंड इनसाइड), वुडन बैडमिंटन हाल, मल्टीपरपज इंडोर हाल, वालीबॉल एवं बास्केटबॉल ग्राउंड, तैराकी तरणताल, सिंथेटिक लॉन टेनिस ग्राउंड, कबड्डी एवं कुश्ती हाल, जुडो हाल, तीरंदाजी ग्राउंड और जिला खेल कार्यालय बिल्डिंग एवं खेल सामान स्टोर।




हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है।

## निवेश का नया ट्रेंड : स्मार्ट निवेशकों की पहली पसंद

# गोल्ड ईटीएफ व फंड का धमाल

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब एक ग्राम सोने का 10वां हिस्सा
- इन यूनिट्स को एनएसई और बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकेंगे
- सोना हमेशा से धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा, अब निवेश का तरीका भी बदल गया
- अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरना जरूरी नहीं
- गोल्ड ईटीएफ व फंड निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोला

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है। कम खर्च, ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा और टैक्स के बड़े फायदे इन दोनों को आज के स्मार्ट निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पहले लोग ज्यादातर जेवर, सिक्के या सोने की ईंटें (बार) खरीदकर ही निवेश करते थे, क्योंकि यही आम तरीका था, लेकिन अब समय बदल गया है। आज ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनमें न तो सोना घर पर रखने की जरूरत है और न ही सुरक्षा की चिंता रहती है। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड दोनों विकल्प सोने में निवेश को आसान, सुरक्षित, और बिना झंझट वाला बना देते हैं। आप इन्हें शेयर की तरह ही मार्केट के खुले होने पर कभी भी खरीद-बेच सकते हैं।



### गोल्ड ईटीएफ में निवेश आसान

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना बहुत आसान होता है। आप इन्हें मार्केट के समय के दौरान तुरंत खरीद या बेच सकते हैं। इन पर लगने वाला सालाना खर्च भी कम होता है, करीब लगभग 0.50%। यह उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प है, जो सोने की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का फायदा लेना चाहते हैं, बिना इस चिंता के कि सोना घर पर कैसे रखें या उसकी सुरक्षा कैसे करें।

### क्यों बेहतर हैं गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड

ये सस्ते होते हैं, खरीदना-बेचना आसान है, चोरी या स्टोरेज की चिंता नहीं, फिजिकल गोल्ड के झंझट (मेकिंग चार्ज, जीएसटी, सेफ्टी) पूरी तरह खत्म रहता है। इसके अलावा, आपको सोने का वही पारंपरिक फायदा भी मिलता है, जैसे महंगाई से बचाव, समय के साथ सोने का मूल्य स्थिर रहता है, अगर आप सोने में एक मॉडर्न, सुरक्षित और बिना झंझट वाला तरीका चाहते हैं, तो गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं।

### क्या इनकी सबसे बड़ी खासियत

- मेकिंग चार्ज नहीं लगता
- स्टोरेज की कोई दिक्कत नहीं
- चोरी या सुरक्षा की चिंता नहीं
- असली सोने की तुलना में कम खर्चे
- अगर आप सोने में निवेश को सिंपल और एफिशिएंट रखना चाहते हैं, तो ईटीएफ और फंड ऑफ फंड बेहतरीन विकल्प हैं।

### एक गोल्ड ईटीएफ का क्या होता है मतलब

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब होता है एक ग्राम सोने का दसवां हिस्सा, जिसे बैंक के सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इन यूनिट्स को एनएसईऔर बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकते हैं।

### गोल्ड फंड ऑफ फंड

- अगर आपके पास डीमैट अकाउंट नहीं है, या आप चीजों को और भी आसान रखना चाहते हैं, तो गोल्ड फंड ऑफ फंड अच्छा विकल्प है। ये फंड ज्यादातर पैसा गोल्ड ईटीएफ में ही निवेश करते हैं। मतलब आपको सोने का फायदा मिलता है, पर कोई स्टोरेज या सिक्योरिटी की टेंशन नहीं रहती।

### कम पैसों से निवेश की सुविधा

- गोल्ड फंड्स में सिर्फ 500 रुपये प्रति महीना एसआईपी से निवेश शुरू कर सकते हैं। इनके खर्च (एक्सपेंस रेश्यो), ईटीएफ के मुकाबले कुछ ज्यादा होते हैं, कुल मिलाकर करीब 1%, क्योंकि इनमें ईटीएफ का खर्च भी शामिल होता है, लेकिन इसका फायदा यह है कि डीमैट की जरूरत नहीं होती।

## शेयर और प्रॉपर्टी से लेकर रिटायरमेंट तक

# बेहद कारगर है 7 फीसदी का रूल

- इस नियम से शेयर में नुकसान कम करने में मदद मिलती है
- रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट में भी करता है सहायता
- निवेश से पहले जान लें तरीका, आंख बंद करके फॉलो न करें कोई नियम

सुझाव
बिजनेस डेस्क

निवेश से जुड़े फैसले करना जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। गलत फैसले कभी-कभी पूरी प्लानिंग बिगाड़ देते हैं। इसलिए कई पॉपुलर इनवेस्टमेंट रूल यानी निवेश के नियम इस्तेमाल किए जाते हैं, ताकि फैसले करना आसान हो सके। ऐसा ही एक नियम है "7% रूल" यानी 7% का नियम. यह एक ऐसा रूल है, जिसे शेयर बाजार ट्रेडिंग से लेकर रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट तक, इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ऐसे किसी भी नियम को सिर्फ एक इंडिकेटिव टूल की तरह लेना चाहिए, इन्हें आंख मूंदकर फॉलो करना ठीक नहीं होता।

### शेयर बाजार में सात प्रतिशत का रूल

ट्रेडिंग करते समय भावनाओं में बहकर फैसला करना सही नहीं होता। कई बार हमारे स्टॉक्स या निवेश की कीमत गिरती रहती है, लेकिन हम स्टॉप लॉस पर अमल करने की जगह रिकवरी की उम्मीद में इंतजार करते रह जाते हैं। इस चक्कर में कई बार बड़ा नुकसान हो जाता है। स्टॉक मार्केट इनवेस्टमें में 7% रूल का मतलब यह है कि आपने कोई शेयर जिस प्राइस पर खरीदा है, उससे 7% नीचे गिरने पर उसे बेच दें, यानी 7% का स्टॉप लॉस लगाएं, इससे आप अपनी पूंजी को आगे चलकर होने वाले बड़े नुकसान से बचा पाएंगे। यहां 7% की लिमिट इसलिए रखी गई है, क्योंकि आंकड़ों पर आधारित कई रिसर्च में यह पाया गया है कि बाजार में माहौल सामान्य हो, तो कोई शेयर 7-8% से ज्यादा गिरने का मतलब उस कंपनी में कोई गंभीर दिक्कत हो सकता है। यानी यह लेवल एक अलार्म की तरह काम करता है। इस नियम से ट्रेडिंग में डिसिप्लिन आता है और भावनाओं को कंट्रोल करके सही फैसला किया जा सकता है।



### स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करें फैसला

हालांकि हर शेयर एक जैसा नहीं होता। कुछ ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले होते हैं। ऐसे में 7% की जगह कभी-कभी 8-10% की दूरी रखनी पड़ सकती है, जबकि स्टेबल ब्लू-चिप स्टॉक्स के लिए 7% काफी है। यानी रूल वही है, लेकिन उसका इस्तेमाल स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करना चाहिए।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल

रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय एक बड़ा सवाल ये होता है कि रिटायरमेंट फंड में जमा पैसे कितने साल तक चल पाएंगे? इस सवाल का जवाब देने में भी 7% का रूल इस्तेमाल किया जाता है। यहां इस रूल का मतलब है कि आप अपनी कुल रिटायरमेंट सेविंग का 7% हिस्सा पहले साल में निकाल सकते हैं। यानी अगर आपके पास 1 करोड़ रुपये हैं, तो पहले साल 7 लाख रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल महंगाई के असर को देखते हुए थोड़ी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल कितना सही

हालांकि रिटायरमेंट प्लानिंग के मामले में 7% विदड्रॉल का रूल बहुत एग्रेसिव माना जा सकता है। अगर कॉर्पस की बची रकम पर रिटर्न थोड़ा कम मिले या बाजार में गिरावट आ जाए तो इतना ज्यादा पैसा निकालना आपके फंड को जल्दी खत्म कर सकता है। खासकर अगर रिटायरमेंट के बाद लंबे समय तक उस फंड पर निर्भर रहना हो। आमतौर पर 4% विदड्रॉल बेहतर और लॉन्ग टर्म के लिए ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. यानी 7% रूल को आंख मूंदकर फॉलो करने की जगह निवेश पर मिल रहे रिटर्न और आगे की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला करना चाहिए।

### प्रॉपर्टी सेलेक्शन में 7% रिटर्न का रूल

अगर आप किराये पर देने के लिए प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं, तो इस रूल से तुरंत अंदाजा लग जाता है कि डील फायदेमंद है या नहीं। इसके अनुसार किसी भी प्रॉपर्टी से एक साल में मिलने वाली रेंटल इनकम प्रॉपर्टी की वैल्यू के कम से कम 7% के बराबर होनी चाहिए। यानी अगर किसी घर या दुकान की कीमत 1 करोड़ रुपये है, तो उससे एक साल में कम से कम 7 लाख रुपये किराया मिलना चाहिए। यह रूल प्रॉपर्टी खरीदते समय अच्छे ऑप्शन की पहचान करना आसान बनाता है।

### रूल से सिर्फ मदद लें, फैसला खुद करें

7% रूल शेयर बाजार, प्रॉपर्टी परचेज और रिटायरमेंट जैसे तीन बड़े आर्थिक फैसलों में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उम्र और जोखिम उठाने की क्षमता अलग-अलग होती है। इसके अलावा मार्केट कंडीशन्स और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित आउटलुक भी बदलते रहते हैं, इसलिए इस रूल को समझकर, जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करके चलें, निवेश के बारे में सही फैसला तभी ले पाएंगे, जब किसी नियम पर आंख बंद करके यकीन करने की जगह सभी पहलुओं पर विचार करके कदम उठाएंगे।

## लग्जरी लाइफ या ईएमआई का मकड़जाल

# किसी मुगालते में तो नहीं जी रहे आप

- अमीरी सिर्फ दिखावे की तो नहीं, ये रेड फ्लैग देखकर हो जाएं अलर्ट
- ईएमआई और बीपीएनएल की मदद से अमीरों जैसे दिखने का प्रयास ने करें
- इस तरह तो कर्ज में ही फंसे रहेंगे आप, नहीं मिलेगी कहीं भी राहत
- सैलरी ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और उधारी में खत्म होना ठीक नहीं



सतर्कता
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी सिर्फ दिखावे के लिए लग्जरी लाइफ जी रहे हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन और कर्ज पर निर्भर हैं तो सावधान हो जाएं, आप कर्ज के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। यह आपके जीवन को तबाह कर सकता है। मसलन दिखावे की अमीरी के लिए आप बैंक से लोन ले रहे हैं, बेहताशा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं या फाइनेंसरों के जाल में फंस रहे हैं तो यह किसी भी नजरिये से ठीक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ट्रैवल फोटो, नई कार, ब्रांडेड फोन और फैशन देखकर लगता है कि बाकी सब लाइफ में मस्त हैं और आप पीछे रह गए हैं। इसके बाद शुरुआत होती है ईएमआई, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल की दुनिया। यही मुगालता आपको कर्ज में फंसता है और इससे निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। चूंकि व्यक्ति एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लेता है, फिर तीसरा और एक दिन ऐसा आता है जब कर्ज उतारना ही मुश्किल हो जाता है और यह कर्ज का मकड़जाल व्यक्ति को आत्महत्या करने तक विवश कर देता है।

### फंसते जाएंगे कर्ज के दल-दल में

देखने में यह सब आसान लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आदत कर्ज के दलदल की तरफ ले जाती है। अगर आप भी बिना सोचे-समझे ऐसी चीजें खरीद रहे हैं जो आपकी सैलरी अफोर्ड नहीं कर सकती, तो यकीन मानिए ये लाइफस्टाइल दिखने में ग्लैमरस है, लेकिन आपके फाइनेंशियल फ्यूचर के लिए बहुत खतरनाक।

### एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना

ये बहुत बड़ा अलर्ट है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का बिल दूसरे कार्ड से भर रहे हैं, पर्सनल लोन की किस्त बीएनपीएल से दे रहे हैं, दोस्तों से उधार लेकर मिनिमम ड्यू भर रहे हैं तो समझ लीजिए, आप कर्ज के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। समय रहते यदि इस कर्ज के चक्रव्यूह से नहीं निकले तो आपको भारी परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। इसलिए पहले से ही सावधान हो जाएं और एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज न लें।

### ईएमआई में जा रहा सैलरी का 40% या उससे ज्यादा हिस्सा

अगर आपकी सैलरी 60,000 रुपये है, तो ईएमआई 24,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी रुपये इससे ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफस्टाइल आपकी सैलरी से बड़ी है, और ये सीधा जोखिम है।

### आपके पास 3-6 माह के खर्च जितना इमरजेंसी फंड नहीं

असली अमीरी ब्रांड्स में नहीं, बल्कि इस बात में है कि अगर कल नौकरी चली जाए तो आप बिना उधार लिए जी सकें। अगर आपके पास 3 महीने का खर्च भी सेव नहीं है, तो आपकी 'अमीरी' सिर्फ दिखावा है। इसलिए दिखावे से पहले बचत की आदत डालें।

### सैलरी आते ही खत्म हो रही

अगर सैलरी आने से पहले ही तय हो चुका है कि वो ईएमआई, कार्ड और बिलों में चली जाएगी और आपके लिए कुछ नहीं बचेगा, तो ये साफ संकेत है कि आप पे-चेक टू पे-चेक में जी रहे हैं। इसका मतलब है कि आप पैसों को नहीं, पैसे आपको कंट्रोल कर रहे हैं। ऐसे हालात से भी आपका बचना बेहद जरूरी है।




समझदारी
बिजनेस डेस्क

# छोटे-छोटे निवेश करके भी तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड

- तीस हजार की सैलरी में भी बना सकते हैं 10 लाख का फंड
- थोड़ा संयम और सावधानी से करना होगा निवेश
- नियमित बचत से आप अपना भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित

अगर आपकी आमदनी कम है और आप बचत करना चाहते हैं तो छोटा सा निवेश करके भी आसानी से 10 लाख रुपये तक का फंड जुटा सकते हैं, इससे आपको परेशानी भी नहीं होगी और आप अपनी जरूरत के हिसाब से फंड जुटा पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा संयम बरताना होगा और वित्तीय योजना भी बनानी होगी। तभी आप अपने निवेश के मकसद में सफल हो पाएंगे। भविष्य में आने वाली मुश्किलों से बचने के लिए आर्थिक रूप से स्थिर होना बेहद आवश्यक है। कम सैलरी होने पर भी छोटे-छोटे निवेश करके एक बड़ा फंड बनाया जा सकता है। नियमित बचत से भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आज के समय में बचत बेहद जरूरी है। जीवन में कभी भी वित्तीय परेशानी आ सकती है। इस वित्तीय परेशानी से आपको बचत ही बचा सकती है, लेकिन कम सैलरी में सेविंग करना मुश्किल है। बहुत से फ्रेशर्स या युवाओं को शुरुआती सैलरी 30 हजार के आसपास मिलती है। लेकिन युवा इस सैलरी में भी आसानी से अपने लिए दस लाख रुपये तक का फंड एकत्र कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हमने कैलकुलेशन के दौरान मासिक सैलरी 30 हजार मानी है। 30 हजार मासिक सैलरी में खर्चों के साथ सेविंग करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।



### 50:30:20 फॉर्मूला अपनाएं

आप सैलरी मैनेज के लिए 50:30:20 फॉर्मूला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **50 फीसदी-** सैलरी का 50 फीसदी पैसा जरूरी खर्चों के लिए इस्तेमाल करें। 30 हजार सैलरी में आप 15 हजार अपने जरूरी खर्चे जैसे बिजली का बिल, राशन, किराया इत्यादि के लिए कर सकते हैं।
- **30 फीसदी-** इसके साथ ही 30 फीसदी पैसा आप सेविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 हजार रुपये से 9000 हजार रुपये आप सेविंग के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- **20 फीसदी-** बाकी का बचा 20 फीसदी पैसा आप अपने शौक या मनोरंजन के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- 30 हजार में आप 6000 रुपये आप मूवी देखना, नए कपड़े लेना इत्यादि ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 9000 रुपये से कैसे बनाए 10 लाख रुपये का फंड?

जैसे की हमने ऊपर देखा कि आप 30 हजार सैलरी से आसानी से 9000 रुपये बचा सकते हैं। लेकिन आप 9000 रुपये पूरे म्यूचुअल फंड में निवेश न करें। आप इनमें से 5000 रुपये म्यूचुअल फंड और बाकी के 4000 रुपये आरडी या अन्य सुरक्षित स्कीम में निवेश करें। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस बनता है।

### म्यूचुअल फंड

- म्यूचुअल फंड में करें 5000 रुपये निवेश
- अगर आप 8 साल के लिए हर महीने 5000 रुपये निवेश करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 8,08,000 रुपये मिल जाएंगे। आपका केवल मूलधन ही 4,80,000 रुपये होगा।

### आरडी में करें 4000 रुपये



इसी तरह आप एसबीआई की आरडी में 6 साल के लिए हर महीने 4000 रुपये निवेश कर सकते हैं। 7.5 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी पर 3,64,580 रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से आप 8 साल में ही 10 लाख रुपये का फंड आसानी से बना सकते हैं।

जानकारी
बिजनेस डेस्क

# क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के 5 आसान और असरदार तरीके

अगर आप भी अपना सिबिल स्कोर सुधारना चाहते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाना होगा। तभी आप इसे दुरूस्त कर सकते हैं। सिबिल स्कोर आपकी वित्तीय जिम्मेदारी का आईना होता है। इसे बढ़ाने के लिए बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें, बार-बार लोन न लें, अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखें और रिपोर्ट नियमित चेक करें। इन आसान आदतों से आपका स्कोर मजबूत होगा और लोन आसानी से मिलेगा। क्या आप जानते हैं कि आपका सिबिल स्कोर आपके पैसे की जिम्मेदारी दिखाता है? यह सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय आदतों का आईना है। एक अच्छा स्कोर होने से आप लोन या क्रेडिट कार्ड आसानी से पा सकते हैं और कम ब्याज दर का फायदा उठा सकते हैं। आइए उन आसान तरीकों के बारे में जानते हैं कि कैसे आप अपना सिबिल स्कोर बढ़ा सकते हैं और अपने वित्तीय भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप अपने सभी बिल (ईएमआई , क्रेडिट कार्ड) समय पर चुकाएं। देर से पेमेंट करने से आपका स्कोर गिर सकता है। इसके लिए आप रिमाइंडर सेट कर सकते हैं या ऑटो-पे ऑप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें

अपने क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट इस्तेमाल करना सही नहीं है। कोशिश करें कि आप अपनी लिमिट का केवल 30% ही इस्तेमाल करें। इससे बैंक और लोन देने वाले यह समझेंगे कि आप पैसे जिम्मेदारी से खर्च करते हैं।

### बार-बार लोन के लिए न करें आवेदन

जब आप बार-बार नया लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो यह आपके स्कोर पर असर डाल सकता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर ही आवेदन करें और ज्यादा बार आवेदन न करें।

### अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखे

एक अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बनाने के लिए सिक्योर्ड लोन (जैसे होम लोन, कार लोन) और अनसिक्योर्ड लोन (जैसे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) दोनों होना चाहिए। यह दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के लोन को संभाल सकते हैं।

### क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय करें चेक

अपनी क्रेडिट रिपोर्ट को हर कुछ महीनों में देखें। अगर कोई गलती या डुप्लिकेट अकाउंट हो तो तुरंत सुधार कराएं। सही जानकारी होने से आपका स्कोर सुरक्षित रहता है।

### क्या है क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर एक संख्या होती है जो आपकी क्रेडिट योग्यता को दर्शाती है। यह संख्या आपके पिछले क्रेडिट व्यवहार, जैसे कि लाने-देने की समय परता, क्रेडिट कार्ड का उपयोग, लाने-देने की मात्रा, और अन्य कारकों पर आधारित होती है। क्रेडिट स्कोर की रेंजभारत में क्रेडिट स्कोर की रेंज आमतौर पर 300 से 900 तक होती है। ज्यादा स्कोर अच्छा माना जाता है।

- **750 से ऊपर**: अच्छा क्रेडिट स्कोर (लाने-देने की अच्छी संभावना)
- **700-749**: औसत से अच्छा
- **600-699**: औसत
- **600 से नीचे**: खराब क्रेडिट स्कोर (लाने-देने में दिक्कत)

### क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करने वाले कारक

1. पेमेंट हिस्ट्री (35%): समय पर बिल और ईएमआई का भुगतान।
2. क्रेडिट यूटिलाइजेशन (30%): क्रेडिट कार्ड की सीमा का कितना उपयोग किया।
3. क्रेडिट हिस्ट्री की लंबाई (15%): क्रेडिट खाते कितने पुराने हैं।
4. क्रेडिट मिक्स (10%): विभिन्न प्रकार के क्रेडिट (कार लाने, होम लाने, क्रेडिट कार्ड)।
5. नए क्रेडिट एप्लिकेशन (10%): बार-बार लाने के लिए आवेदन करना।

### क्रेडिट स्कोर क्यों महत्वपूर्ण है?

- **लाने-देने की मंजूरी**: अच्छा स्कोर होने पर लाने आसानी से मिलते हैं।
- **कम ब्याज दर**: अच्छा स्कोर होने पर ब्याज दर कम मिलती है।
- **क्रेडिट कार्ड ऑफर**: अच्छे स्कोर पर बेहतर क्रेडिट कार्ड मिलते हैं।

### रखें ध्यान

- क्रेडिट कार्ड की सीमा का 30% से कम उपयोग करें।
- अनावश्यक क्रेडिट कार्ड बंद करें।
- बार-बार लाने के लिए आवेदन न करें।
- क्रेडिट रिपोर्ट में गलतियां होने पर सुधार करें।

## खबर संक्षेप



भिवानी। डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### संविधान रचयिता के परिनिवारण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**भिवानी।** शहीद रमेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहानी में बाबा डा.भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य भगत सिंह कोठारी ने बाबा साहेब के जीवन की उपलब्धियों और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

### 13 को दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैंप

**बहल।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम नई दिल्ली द्वारा दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ 13 दिसंबर को निशुल्क सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग वितरण के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में आयोजित होगा। जिला प्रशासन भिवानी व रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित होने वाले शिविर के लिए पात्र लोगों का पंजीकरण किया जाएगा।

### गांव कुडल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**तोशाम।** बुजुर्गों की याद में किया गया दान भारतीय संस्कार और संस्कृति का हिस्सा है। रक्तदान से मानवता को बचाने में रक्तदाता व आयोजको का अहम रोल होता है। यह संदेश रक्तदाओ को अपनी संस्कृति अपने संस्कार मंच द्वारा गाँव कुडल के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में वजीर आर्य ने दिया। उन्होंने बताया कि गांव स्वर्गीय दरिया सिंह लौर के याद कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को बुजर्गो से जोड़ने का काम सराहनीय कदम है, जिसके लिए उन्होंने लौर सभा के जिला अध्यक्ष उमेद सिंह व समिति के सदस्य को साधु वाद दिया।

### उत्तमी बाई स्कूल में मनाया खेल उत्सव

**भिवानी।** नया बाजार स्थित श्रीमती उत्तमी बाई आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खेल उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम वर्क, नेतृत्व जैसे गुणों को विकसित करना तथा खेल को खेल की भावना से खेलना, समय और गति का अद्भुत समन्वय विकसित करना है।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को किया नमन

**तोशाम।** शनिवार को बोधिसत्व भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर तोशाम के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थापित बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान तोशाम सहित आसपास के गाँव से आए गणमान्य व्यक्तियों और विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ़ ने मिलकर पुष्प अर्पित किए। वहीं बाबा साहब की याद में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अम्बेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई

**भिवानी।** धानक जनकल्याण मंच प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस बाबासाहेब के भारत के लिए दिए गए योगदान को सम्मान देने के लिए जाना जाता है। आज गांव खरक कला में बाबा साहब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया था। बाबासाहेब हमेशा ऐसे भारतीय समाज की बात करते थे और उसका सपना देखते थे जिसमें सभी लोगों को बराबर माना जाएगा। बाबासाहेब भारत के एक जाने-माने शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी थे।

# हर बच्चे को एक होनहार खिलाड़ी के तौर पर भी तैयार करना है: सांसद

## भिवानी के भीम स्टेडियम में खिलाड़ियों को मिलेंगी अत्याधुनिक खेल सुविधाएं : धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के साथ भी जोड़ना जरूरी है। खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास है। हर बच्चे को एक होनहार खिलाड़ी के तौर पर भी तैयार करना है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि प्रत्येक बच्चा स्वस्थ हो और खेलों से देश और दुनिया में अपना नाम रोशन करें। इसी के चलते सांसद खेल महोत्सव के तहत ग्रामीण अंचल स्तर तक खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। आने वाले समय में ये खिलाड़ी दुनिया में अपना नाम चमकाएंगे। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह भीम स्टेडियम में आयोजित भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र स्तर की दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का हर संभव प्रयास है खिलाड़ियों को पर्याप्त और समुचित खेल सुविधाएं मिलें, जिसके लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि ग्रामीण अंचल तक खेले जाने वाली खेल प्रतियोगिताओं में जो खिलाड़ी भाग लेते हैं, वे ही खिलाड़ी आगे चलकर कॉमनवेल्थ, ओलंपिक और एशियाई जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं, ऐसे में खिलाड़ियों को अधिक से अधिक खेलने के अवसर प्रदान करने जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसी के चलते ही फिट इंडिया के नाम पर युवाओं को प्रोत्साहित किया, जिसके बड़े सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।



भिवानी। परिचय लेकर खेल स्पर्धा शुरू करवाते सांसद धर्मबीर सिंह।

### सांसद ने खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रतियोगिता के दौरान सांसद ने खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने दौड़ और रस्साकशी में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से परिचय लेकर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना जरूरी है, खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती,बल्कि खेल में अपना पूरा दमखम लगाना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों से किसी प्रकार के नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया। वहीं दूसरी और होनहार खिलाड़ी मुनेश ने खिलाड़ियों को खेल की भर्ती समर्पण की भावना की शपथ दिलाई। वहीं दूसरी ओर सांसद धर्मबीर सिंह के सुपुत्र मोहित चौधरी ने भी खिलाड़ियों का निरंतर हौसला बढ़ाया।

### भीम स्टेडियम में खिलाड़ियों को मिलेंगे सभी सुविधाएं

सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि भिवानी के ऐतिहासिक भीम स्टेडियम करीब 32 एकड़ में है, यहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनगिनत खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने भिवानी का नाम दुनिया में रोशन किया है। सरकार की योजना के तहत भिवानी के भी स्टेडियम में खिलाड़ियों को सभी प्रकार की अत्याधुनिक की खेल सुविधाएं मिलेंगी। खिलाड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।



भिवानी। बवानीखेड़ा में अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

### संविधान रचयिता को श्रद्धांजलि देकर किया याद

**भिवानी।** शनिवार को बवानीखेड़ा में समाज द्वारा घोषित अम्बेडकर चौक (सामान्य अस्पताल के सामने) पर सामाजिक संगठन अम्बेडकर शिक्षा समिति, हरियाणा जागृति मोर्चा, रविदास सभा, वाल्मीकि सभा व कस्बे के प्रबुद्धजनों ने पहुंचकर संविधान रचयिता डॉ. बीआर अम्बेडर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके जीवन से शिक्षा लेकर चलने का आहवान किया। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. राज दिसोदिया व नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. राज दिसोदिया व नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक और भारत गणराज्य के निर्माता थे। उन्होंने गरीबों, दलितों व समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान में अपना पूरा जीवन लगा दिया।



लोहारू। कोर्ट परिसर में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए लोहारू बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण। फोटो: हरिभूमि

### 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को किया नमन

**लोहारू।** लोहारू बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश भारद्वाज ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे तथा वे विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक, बेहतर समाज-सुधारक थे। उन्होंने संविधान का निर्माण कर देश के लोकतंत्र को मजबूत किया था। एडवोकेट राजेश भारद्वाज शनिवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 70वें निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर रहे थे। बार एसोसिएशन प्रधान राजेश भारद्वाज ने कहा कि बाबा साहेब पाखंड व अंधविश्वास के धूर विरोधी थे। उ इस मौके पर पूर्व बार प्रधान शक्ति सिंह गाढा एडवोकेट, सुरेंद्र ओबरा एडवोकेट, सुमित ढिल्लों एडवोकेट, रवि यादव एडवोकेट, नरेश शेखावत एडवोकेट, कुलदीप मान एडवोकेट,श्रीमती रजनेश, मनोज ठोलिया एडवोकेट, अशोक यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



तोशाम। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### विज्ञान प्रदर्शनी के कनिष्ठ वर्ग में तेजस की टीम तो वरिष्ठ वर्ग में नंदिनी की टीम ने मारी बाजी

**तोशाम।** शनिवार को तोशाम के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान-प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा छठी से बारहवीं तक के 88 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए। कक्षा छठी से आठवीं तक के कनिष्ठ वर्ग में 13 वर्किंग मॉडल और वरिष्ठ वर्ग ने 9 वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान कक्षा आठवीं के तेजस की टीम ने द्वितीय स्थान कक्षा छठी की प्रेरणा की टीम ने और तृतीय स्थान कक्षा सातवीं के चिराग की टीम ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान कक्षा नौवीं की नंदीनी की टीम ने, द्वितीय स्थान कक्षा ग्यारहवीं की परी की टीम ने और तृतीय स्थान कक्षा नौवीं के प्रिंस की टीम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जगदीश चंद्र मालवाल ने विद्यार्थियों के प्रयास की प्रशंसा की और उन्हें अपनी वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है अतः हमें नई नई तकनीक ईजाद करने के लिए विद्यालय स्तर पर ही विद्यार्थियों को विज्ञान में रुचि रखनी चाहिए। प्राचार्य भारत भूषण ने विद्यार्थियों और शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों के कौशल की सराहना की। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, सरिता, आरती, शशी कुमार, ममता यादव, हरकेश आदि समस्त स्टाफ सदस्यों सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या विहार में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरस्वती विद्या विहार आसलवास दुबिया में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने ज्ञान, तर्कशक्ति एवं तीव्र सोचने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान स्पार्टन सदन के छठी से इशांत, सातवीं से लक्षिका और आठवीं से रितेश ने, द्वितीय स्थान टाइटन सदन के छठी से अनुज, सातवीं से तन्वी और आठवीं से वीरेन मेहतानी ने, तृतीय स्थान लांसर सदन के छठी से चिराग, सातवीं से जितेश और आठवीं से अश्विन ने ,चतुर्थ स्थान हरक्यूलिस सदन के छठी से मानसी, सातवीं से मयंक और आठवीं से गीतांशी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विभिन्न राउंड के दौरान विद्यार्थियों ने कठिन एवं रोचक विज्ञान प्रश्नों के उत्तर देकर दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। विद्यालय के चेयरमैन राजबीर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाना नहीं, बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तर्क क्षमता और समस्याओं को हल करने की योग्यता विकसित करना है।



भिवानी। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### प्रधानाचार्य ने किया विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन

प्रधानाचार्य श्री जोगेंद्र भारद्वाज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 'इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अध्ययन में रुचि तथा आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।' कार्यक्रम के दौरान हेडमिस्ट्रेस अमिता मेहता, सविता जांगड़ा शिक्षकगण व सभी विद्यार्थी भी वहां मौजूद रहे। विजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



चरखी दादरी। डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी।

### कांग्रेसियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर को दी सच्ची श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय शौर्य मार्केट में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दादरी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुशील धानक ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुशील धानक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान निर्माण से लेकर सामाजिक समानता, दलित उत्थान और शिक्षा के प्रसार तक, हर क्षेत्र में देश को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर का जीवन संघर्ष, ज्ञान और मानवीय मूल्यों का प्रतीक है, जो आज भी समाज को प्रेरित करता है। इस अवसर पर रामनिवास पिचोपा, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस एडवोकेट योगेश फोगाट, संजय बिडलान, रोहताश खटीक, महेश सैनी, नवीन सैनी, एडवोकेट नवीन सांगवान, एडवोकेट नीरज, विशेष, सूरज, साहिल, विनीत, सुखवीर आदि मौजूद रहे।

# युवा एकता संगठन ने कस्बे में चलाया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद भी युवा पीढी पर नशे का जादू सिर चढ कर बोल रहा है। जानकार लोगों की माने से कस्बे में अनेक युवा सूखे नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। नशे के कारोबार से जुड़े लोग युवाओं को मनमाफिक जगह पर नशा पहुंचा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी स्थानीय लोग युवाओं में नशे की बढती लत से चिंतित है और उन्होंने इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की बात कही है। सोशल मीडिया ग्रुप बहल युवा एकता संगठन सहित अन्य मीडिया ग्रुप्स में बहल में बढ रहे सूखे नशे के कारोबार को लेकर कड़ी चिंता जताई है। लोगों ने कहा कि नशे के कारोबार में लगे लोग युवाओं को नशा सुलभ तरीके से मुहैया करवा रहे हैं जिससे हर रोज नशे के आदि युवाओं की तादाद बढती जा रही है। वहीं, सूखे नशे के कारोबार में लगे लोगों का नेटवर्क इतना बड़ा हो चुका है कि वो चंद मिनटों में युवाओं की बताई जगह पर पहुंचा देते हैं। इस तरह से नशे की सहज उपलब्धता भी युवाओं में नशे की लत को बढा रही है। लोगों ने कहा कि नशे के बढने के साथ ही अपराधों में भी बढोतरी हो रही है जो चिंता का विषय है।

### पेपर की बढ रही है मांग, युवा नशे में करते हैं प्रयोग

जानकार सूत्रों के अनुसार, युवा जिस सूखे नशे का प्रयोग करते हैं उसके लिए उनको एक पेपर की जरूरत होती है जिसमें लपेट कर सूखे नशे को उपयोग में लाया जा सके। कस्बे में कुछ लोग ऐसे भी है जो युवाओं को यह पेपर उपलब्ध करवा रहे हैं। नशे के कारोबारी जो नशा सप्लाई करते है युवा उसी पेपर में नशे को लपेटकर अपनी नशे की लत को पूरी करते हैं। लोगों ने कहा है कि नशे की चैन को तोडने के लिए ऐसे लोगों पर भी सख्त कार्रवाई की जरूरत है जो यह पेपर उपलब्ध करवा रहे हैं। लोगों ने ग्रुरप्स के माध्यम से पुलिस को भी इस पर प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। नशा मुक्त, अपराध मुक्त बहल अभियान छेड़ेंगे महंत विकास गिरी नशे की बढती लत से युवाओं को बचाने के लिए श्री अलख आश्रम के महंत विकास गिरी ने लोगों में जनचेतना जाग्रत करने का फैसला लिया है। वे 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक जन सहभागिता से नशा मुक्त, अपराध मुक्त बहल अभियान चलाएंगे। अभियान की सफलता के लिए श्री अलख आश्रम में 15 दिसंबर को एक विशेष मीटिंग आयोजित होगी जिसमें अभियान के संचालन के लिए विचार लिए जाएंगे।

# कल बिजली बिल की प्रतियां जलाएगी किसान सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी की जिला कमेटी बैठक ओबरा गांव में हुई। जिसकी अध्यक्षता सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने की तथा मंच संचालन जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने किया।

बैठक में खरीफ फसल-2023 के 350 करोड़ रुपये बीमा फ्राड के विरुद्ध चलाए जा रहे लोहारू एसडीएम कार्यालय पर महापड़ाव व 28 नवंबर की विशाल किसान महापंचायत की समीक्षा की गई तथा 9 जनवरी को भिवानी सचिवालय पर ट्रैक्टर मार्च की तैयारियों व इस दौरान गांव में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान व प्रदर्शनों की तैयारी के लिए रणनीति बनाई गई। इस दौरान 8 दिसंबर को कई गांव व तहसीलों में सीड बिल 2025 व बिजली बिल 2025 के विरुद्ध प्रदर्शन करके दोनों बिलों की प्रतियां जलाई जाएंगी। बैठक में सभा के पदाधिकारियों जिला कोषाध्यक्ष मास्टर उमराव सिंह, कामरेड दयानंद पूनिया, कामरेड ओमप्रकाश, संतोष देशवाल, निर्मल नाथूवास, कर्ण सिंह जैनावास, राजेश कुंगड़, इंद्र सिंह धारवान बास, सुबेदार धनपत सिंह, अन्तर कस्वा, रामचद्र फौजी, रामकिशन भाकर, मुकेश, सुरेंद्र राठी, शमशेर पूनिया, छोटूराम पुनिया, रामोतार भाकर, रणधीर सिढ़ान, प्रताप सिंह सिंहमार, महाबीर फोजी, अश्वनी मिताथल शामिल रहे।



भिवानी। अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### श्रद्धापूर्वक मनाया बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस

**भिवानी।** गांव ढ़ाणा लाडनपुर में शनिवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आरपीआई (आठवले) के प्रदेश सचिव राजेश चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें नमन कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश चौधरी ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों और उनके द्वारा निर्मित संविधान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विकास बराड़, अनुप बराड़, प्रीतम, अर्जुन, बलबीर फौजी, राजेंद्र, शुभराम, ओमप्रकाश, दिनेश, सोनू, घनश्याम, बबलूराम, ओमप्रकाश बराड़, प्रदीप बराड़, सुरेंद्र बराड़, सतबीर, कुंदन लाल, मनोज, महिपाल, प्रवीण, पिंकू, मनीष, शिवकुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बलियाली में डॉ. भीम राव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

प्रदर्शन — आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान एक जुट हुई आंगनबाड़ी

# आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने शहर में निकाला जुलूस, किया जोरदार प्रदर्शन

सरकार देश की लाखों आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स के साथ कर रही बड़ी धोखेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश भर में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा सांसदों के कार्यालयों पर आईफा के आह्वान पर प्रदर्शनों ओर पड़ावों के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी की चलते आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन हरियाणा (रजि.1442) के आह्वान पर आज बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के यहां जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता राजबाला निनाण, प्रकाशी झज्जर, दादरी नेता सुनीता रामबास ने की व संचालन आगनवाड़ी नेता राजबाला शर्मा ने किया। प्रदर्शन को प्रमुख रूप से सीटू राज्य महासचिव जयभगवान, कॉमरेड विनोद कुमार सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष कुलदीप बड़वा, क्रैच वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूंनियन राज्य महासचिव पूजा राठी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ नेता रतन जिन्दल, आशा नेता कमलेश भेरवी, सुशीला, मिड डे मील नेता सुदेश रिवासा ने कहा कि भाजपा सरकार देश की लाखों आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स के साथ बड़ी धोखेबाजी और उनकी मेहनत की लूट कर रही है। यह लूट आंगनवाड़ी के साथ ही देश की 1 करोड़ स्कीम वर्कर्स आशा, मिड डे मील के साथ भी कर रही है। वर्ष 2025 में आईसीडीएस ने 50 वर्ष, एमडीएम योजना ने 30 वर्ष और एनएचएम ने 20 वर्ष पूरे किए हैं।



भिवानी। मांगों को लेकर शहर में जुलूस निकालती हुई। फोटो: हरिभूमि

### प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

45 वीं भारतीय श्रम सम्मेलन द्वारा स्कीम वर्कर्स को नियमित करने, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा की सिफारिश किए हुए एक दशक से अधिक समय बीत चुका है। इस बीच भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रेच्युइटी देने का आदेश दिया है। सरकार ने मार्च 2025 की शुरुआत में ही आशा वर्कर्स के निश्चित वेतन में वृद्धि की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया है। सरकार न्यूनतम वेतन नहीं बढ़ा रही। चार लेबर कोड्स को लागू करना देश के मजदूरों ओर कर्मचारियों के साथ भारी विश्वसघात है। यूनियन नेताओं राजबाला शर्मा व सुनीता रामबास ने मांग कि की वर्कर्स और हैल्पर्स के लिए न्यूनतम वेतन 26000 रूपये लागू हो और वर्कर्स को तीसरे ओर हेल्पर्स को चौथे दर्जे का कर्मचारी बनाया जाए। हैल्पर और वर्कर्स की प्रमोशन 50 प्रतिशत हो ओर खाली पड़े पदों पर तुरंत भर्ती की जाए, ग्रेटयूटी लाभ दिया जाए। मंत्री से मांग की गई कि प्ले वे स्कूल तथा क्रेच कम आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए वर्कर्स और हेल्पर्स को ग्रेड दिया जाए। जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया।



### अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में वसुंधरा सदन के तत्वावधान में अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रूझान बढ़ाना, शब्दावली व सामान्य ज्ञान को सुदृढ़ करना तथा आत्मविश्वास का विकास करना था। यह प्रतियोगिता माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली। प्रतियोगिता के संचालन में वसुंधरा सदन के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न राउंड जैसे- ग्रामर राउंड, रैपीड एवं ऑडियो-विजुअल राउंड में अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। दर्शकों की तालियों और उत्साह ने प्रत्येक प्रतिभागी का मनोबल बढ़ाया। निदेशक बलराज फौगाट ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की सोच, स्मरण शक्ति और भाषा कौशल को विकसित करती हैं तथा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

# धोलेड़ा के कुशल यादव को नेशनल स्तरीय गोल्फ में मिला चौथा स्थान

15.69 लाख की पुरस्कार राशि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

कौन कहता है आसमान में छेद नहीं होता, एक पत्थर तबियत से तो उछालो यारो हौंसला कभी पराजित नहीं होता। यह कहावत धोलेड़ा निवासी कुशल यादव पुत्र डॉ जयसिंह यादव पर स्टीक साबित होती है। जिन्होंने संसाधनों के आभाव को सफलता के रास्ते में रूकावट नहीं बनने दिया। ब्लॉक स्तरीय खेलों से प्रेरित होकर उन्होंने नेशनल व इंटरनेशल खेलों का सपना देखा था, पहले ही प्रयास में नेशनल (पीजीटीआइ) गोल्फ में चौथा स्थान अर्जित करके गांव व जिले का नाम रोशन किया है। प्रतिभाशाली युवा को ग्रामीणों ने बधाई दी है तथा जल्द ही अभिनंदन करने का निर्णय लिया है।

आपको बता दें कि डॉ जयसिंह यादव सीड्स कंपनी में सीईओ पोस्ट से सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने इकलौते पुत्र की पढ़ाई गुरुग्राम की विभिन्न स्कूलों से ही पूरी कराई, इसके बाद उन्होंने कॉलेज से स्नात्तक की पढ़ाई कराई है। उन्होंने पुत्र को प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना देखा था, किंतु कुशल यादव की दिलचस्पी व्यापार में रही है, इसलिए उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी होते ही गुरुग्राम में इंस्ट्रीज खोल ली जिसमें सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिला हुआ है। इससे पहले धोलेड़ा स्टेडियम में होने वाली ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं से प्रभावित होकर नेशनल खेलों का सपना देखा तथा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे कपिल देव की गोल्फ एकेडमी में अभ्यास करना आरंभ कर दिया। सालभर में ही आत्मविश्वास मजबूत हो गया। बीते साल केरल में संपन्न हुए प्रोफेशनल खेलों में शामिल हुए और सम्मानजनक स्कोर अर्जित किया। नवंबर महीने में जयपुर में नेशनल स्तरीय (प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया) पीजीआइ प्रतियोगिता निर्धारित हुई थी। जिसमें देश-विदेश के 480 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। लीग स्पर्धाओं को क्वालिफाई करने पर कुशल यादव को फाइनल मुकाबले में शामिल किया गया। कुशल यादव ने बंगलादेश के खिलाड़ी के साथ खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा चौथा स्थान हांसिल करके गांव, जिला तथा प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।




- ब्लॉक लेवल की प्रतियोगिताओं ने प्रेरित होकर खेलों में बढ़ाया रूझान, प्रोफेशनल स्पर्धाओं में प्रतिभा को निखारकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान, ग्रामीण युवाओं की मिली प्रेरणा

नांगल चौधरी। सफलता के अनुभव सांझा करता हुआ गोल्फ खिलाड़ी कुशल यादव।

### युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में कैरियर बनाने का मिलेगा संदेश

प्रतिभाशाली युवा के चाचा डॉ नरेश यादव, जसवंत सिंह, जगजीत सिंह, भूपसिंह, डॉ विनोद व तसवीर यादव ने बताया कि गांव के युवाओं का खेलों से विशेष लगाव है। कुशल यादव की उपलब्धि से युवाओं को पढ़ाई, व्यापार के साथ खेल प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी। गांव पहुंचने पर कुशल का अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल स्टेडियम में अभ्यास करके 150 से अधिक युवा पुलिस, आर्मी तथा खेलों में कैरियर बना चुके हैं।

### 15.69 लाख से ज्यादा निर्धारित हुई पुरस्कार की रकम

धोलेड़ा स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान भीमसिंह यादव ने बताया कि कुशल यादव ने बालीबाल से खेलना आरंभ किया था। इसके बाद उनका लगाव गोल्फ से हो गया तथा निरंतरता पूर्वक प्रतिभा को निखारा है। शुक्रवार को जयपुर में संपन्न हुई पीजीआइ गोल्फ ने चौथा स्थान अर्जित करके युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि स्कोर की रैटिंग के अनुसार कुशल यादव को 15.69 लाख से अधिक राशि बतौर पुरस्कार मिली है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। विजेता छात्राएं।

### सीएल स्कूल की छात्रा माही व भाव्या प्रथम

**नारनौल।** जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से जोनल स्तर पर बाल भवन की विभिन्न प्रतियोगिताएं गुरूग्राम में आयोजित की गई। जिसमें सीएल स्कूल के होनहार छात्रों माही यादव पुत्री अक्षय कुमार और भाव्या पुत्र हीरालाल ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के ग्रुप-2 मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने उसके स्कूल आगमन पर जोरदार स्वागत किया और राज्य स्तर पर होने वाले ईवेंट के लिए अग्रीम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मारपीट के आरोप में महिला सहित 4 पर केस

**कनीना।** कनीना विकास खंड के एक गांव में महिला की लज्जा भंग करने तथा मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला सहित चार व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वह अपने पशुओं के पास थी, तब बर्तन साफ करने वाले दो युवकों से कूडा डालने आया। महिला ने घर के समीप कूड़ा न डालने की बात कही तो नामजद ने चांटा मार दिया।

महावीर चौक व महता चौक पर लगे जाम में फंसे वाहन

# किन्नरों का हंगामा, दूसरे पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

हंगामा करने वाले करीब 50 किन्नर थे। उन्होंने दूसरे गुट के प्रधान के खिलाफ महावीर चौक के आसपास के अलावा वहां से जाने वाले वाहनों पर पोस्टर भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में किन्नरों के एक गुट ने दूसरे गुट के प्रधान के खिलाफ शनिवार शाम को महावीर चौक व महता चौक पर हंगामा किया। हंगामा करने वाले करीब 50 किन्नर थे। उन्होंने दूसरे गुट के प्रधान के खिलाफ महावीर चौक के आसपास के अलावा वहां से जाने वाले वाहनों पर पोस्टर भी लगाए। जानकारी के मुताबिक महामंडलेश्वर महंत बुलबुल गिरी हरियाणा की महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा फारुखनगर, भिवानी व नारनौल-महेंद्रगढ़ से जुड़े किन्नर शनिवार शाम को करीब छह बजे शहर के महावीर चौक पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अचानक से हंगामा शुरू कर दिया।

किन्नरों ने दूसरे गुट मंगलमुखी समाज के प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की तथा उसके पोस्टर लगाए। बाक्स करीब 15 गाड़ियों में बैठकर आए थे किन्नर किन्नर करीब 15 गाड़ियों में बैठकर आए थे। हंगामा करने वाले इन किन्नरों का कहना था कि नारनौल में जो किन्नरों का अपने आप को प्रधान बताता है, वह व्यक्ति किन्नर नहीं, बल्कि एक आम इंसान है।


हंगामा करते समय उन्होंने कहा कि वह बंदूक के बल पर किन्नरों को डराता है। बाक्स एक पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप किन्नरों ने दूसरे पक्ष से जुड़े प्रधान की बंदूक लहराते हुए फोटो वाला पोस्टर भी लगाया। जिसमें लिखा है कि महेंद्रगढ़ व नारनौल क्षेत्र में खासकर टीना किन्नर, महक किन्नर व इनका जिनका भी साथ हैं।

वे अपराधी प्रवृत्ति के हैं। यह ग्रुप मथुरा, नैनीताल से लूटपाट करके भागे हुए हैं, उनको बधाई न दें। क्योंकि आपकी नेक कमाई व बधाई से एकत्र पैसा वे किन्नर समाज तक न पहुंचाकर उस व्यक्ति को दे देते हैं। इस पैसे का वे अय्याशी में इस्तेमाल करते हैं। बाक्स महता चौक पर भी गए किन्नर इसके बाद किन्नर महत्ता चौक पर भी गए।

वहां पर भी उन्होंने करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन किया। दोनों जगह प्रदर्शन के कारण लंबा जाम भी लगा गया। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा।









महेंद्रगढ़। रुद्राभिषेक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सूरज स्कूल में रूट्स वाइंस वार्षिक उत्सव आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सूरज स्कूल में शनिवार को अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ वार्षिक उत्सव रूट्स वाइंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास से उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि निदेशिका गायत्री यादव और प्राचार्या ऋतु चहल ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रुद्राभिषेक के प्रस्तुतीकरण ने पूरे समारोह के वातावरण को पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। निदेशिका गायत्री यादव ने कहा कि रूटस वाइंस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संदेश है। बच्चों को मजबूत संस्कारों की जड़ें और सपनों की ऊंची उड़ान देने का। सूरज स्कूल का उद्देश्य हर बच्चे को ऐसी शिक्षा देना है, जो उसे जीवन में आत्मनिर्भर और मूल्यवान बनाए। उन्होंने स्कूल की टीम को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए भी बधाई दी। प्राचार्या ऋतु चहल ने मंच से नन्हे बच्चों की सीखने की क्षमता, अनुशासन और उनकी असीम संभावनाओं की प्रशंसा की।




महेंद्रगढ़। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### राव जयराम स्कूल में अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई

**महेंद्रगढ़।** राव जयराम स्कूल में सविंधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्था निदेशक सुरेन्द्र यादव व अध्यक्षता प्राचार्य नरेन्द्र कुमार ने की। कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। निदेशक सुरेन्द्र यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल भारतीय समाज के लिए एक आदर्श थे, बल्कि उन्होंने पूरी दुनिया को यह समझाया कि एक समान और न्यायपूर्ण समाज की नींव पर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपनी पूरी जिंदगी सामाजिक समानता और अधिकारों के लिए समर्पित कर दी। प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन केवल संघर्ष नहीं, बल्कि समाज सुधार और मानवाधिकारों के लिए उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान विधार्थियों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अनेक भाषण, कविता एवं उनके जीवन की प्रेरक कहानियां आदि प्रस्तुत की। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में हिंदी विकास कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल में हिंदी विकास कार्यक्रम मनाया गया। छात्रों ने श्लोक पाठ, कविता पाठ, भजन, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी की आयशा प्रथम तथा महक द्वितीय स्थान पर रहीं। श्लोक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल (7वीं कक्षा) और द्वितीय स्थान शुभम ने प्राप्त किया। नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति और नव्या (3वींकक्षा) तथा द्वितीय स्थान दीपिका और तनिशा ने हासिल किया। डांस प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम स्थान तथा नव्या (8वीं कक्षा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की एक्टिविटी इंचार्ज अनीता ने बच्चों को हिंदी अपनाने की प्रेरणा दी। कोऑर्डिनेटर ऋतु यादव ने बच्चों के सांस्कृतिक प्रदर्शन की सराहना की। शैक्षणिक इंचार्ज शिवचरण शर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी विकास के आदर्शों को अपने व्यक्तित्व में शामिल करने का संदेश दिया। चेयरमैन रोशनलाल यादव ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से शनिवार को आदर्श हाई स्कूल में इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया, जिन्में कक्षा तीसरी से पांचवीं, कक्षा छठीं से आठवीं तथा कक्षा नौंवी से 10वीं शामिल की गई।

क्लब के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स समाज सेवा के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को तीनों श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। क्लब सचिव सत्यनारायण सैनी ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर शिक्षा सुधार में सहयोग देता रहेगा। प्रतियोगिता में विद्यालय की अध्यापिकाओं ललिता शर्मा एवं आकांक्षा भूषण ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत में रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर पारस चौधरी के पिता के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष मोहन सैनी, अमित कुमार, महेश सैनी, पवन कटारिया, सोनू सैनी, विद्यालय प्राचार्य दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहा।



नारनौल। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### यह बने विजेता

*प्रथम श्रेणी (कक्षा तीसरी से पांचवीं) में हेमंत प्रथम, भावेश द्वितीय व निधि तृतीय रही। द्वितीय श्रेणी (कक्षा छठीं से आठवीं) में मुसकान ने पहला, चिक्की ने दूसरा व प्रतिज्ञा ने तीसरा स्थान पाया। तृतीय श्रेणी (कक्षा नौंवी से 10वीं) में मुस्कान प्रथम, फलक द्वितीय व मानसी तृतीय रही। इन सभी विजेताओं को समाजसेवी पवन यादव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।*

## आरती राव की कथनी एवं करनी में अंतर नहीं : दिनेश जेलदार

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के लिए नई सड़कों की सौगात देकर यह साबित कर दिया है कि उनकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 7.42 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनका निर्माण अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा। इस मौके पर अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा इन सड़कों के नवनिर्माण की मंजूरी से दर्जनों गांवों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। आरती सिंह राव के स्वास्थ्य मंत्री बनते ही 1100 डॉक्टरों की भर्ती की गई थी तथा अब 450 डॉक्टरों की भर्ती निकालकर अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को पूरा किया जा रहा है। इससे साफ है कि उनकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। हरियाणा प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में तथा अटेली विधानसभा क्षेत्र एवं महेंद्रगढ़ के सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को तीव्र गति मिलेगी।



कई दिनों तक चलेगा अभियान, बच्चे नशा ना करने का करेंगे लोगों से आह्वान

## नो नशा नेशन विषय पर आज रैली, सुभाष पार्क में 101 कुंडीय हवन, सूर्य नमस्कार व मार्शल आर्ट के बाद युवा शपथ लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

डीएवी कॉलेज प्रबंकर्तृ समिति के अध्यक्ष एवं पद्मश्री पुरस्कार विजेता डा. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में एमएलएसडीएवी पब्लिक स्कूल नो नशा नेशन विषय के तहत जागरूकता अभियान की शुरूआत रविवार से होगी। पहले दिन डीईओ कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली सुभाष पार्क पहुंचेगी। यहां 101 कुंडीय हवन, सूर्य नमस्कार व मार्शल आर्ट की प्रस्तुति अलग–अलग बच्चें देंगे।

इस विषय में एमएलएसडीएवी स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए शनिवार बताया कि इस अभियान में विद्यार्थियों, अध्यापकों, गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रहेंगी। कार्यक्रम में पहले दिन रविवार को बतौर मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, आर्यसमाज प्रतिनिधि मंडल , भारत विकास परिषद प्रतिनिधि मंडल व अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि देश के युवाओं को नशे मुक्ति हेतु जागरूक करने के लिए इस मुहिम की शुरूआत सात सितम्बर को हरियाणा राज्य से की जाएगी। इसमें प्रदेश के लगभग 250 डीएवी स्कूल एवं कॉलेज अलग–अलग स्थानों पर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा अध्यापकों के साथ शहर में नशा मुक्ति हेतु एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। सुभाष पार्क में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। जिसमें 101 कुंडीय हवन, सूर्य नमस्कार तथा मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दी जाएगी। सभागार में उपस्थित सभी जनों को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाते हुए शपथ ग्रहण भी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा नशा मुक्ति के संदेश पर प्रकाश डाला जाएगा और युवाओं को समाज के हित में आगे आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य के द्वारा भी युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा और उन्हें नशा मुक्त देश बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने तथा युवाओं को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।



## शेखपुरा के वन विभाग के कर्मचारियों को बनाया बंधक, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का आरोप

शेखपुरा गांव में जांच करने गए वन विभाग के कर्मचारियों को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। इस बारे में वन राजिक अधिकारी ने पुलिस में शिकायत दी है, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

महावीर चौकी पुलिस को दी गई शिकायत में वन राजिक अधिकारी रविंद्र ने बताया कि गांव शेखपुरा निवासी रूपचंद के विरुद्ध उसके घर के पास खाली पड़े प्लॉट में अवैध रूप से शीशम, रोहिडा सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी का संग्रहण किए जाने की जांच चल रही थी। विभाग द्वारा रूपचंद को जांच पूरी होने तक लकड़ी में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने के निर्देश दिए गए थे। बीते कल शाम को उन्हें सूचना मिली कि रूपचंद द्वारा अवैध रूप से जमा की गई लकड़ी को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन रक्षक प्रवीण कुमार और चौकीदार रामौतार मौके पर पहुंचे। शिकायत के मुताबिक वहां पहुंचने पर रूपचंद, उसके भाई व बेटा तथा परिवार की महिलाओं ने मिलकर दोनों सरकारी कर्मचारियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि कर्मचारियों के साथ मारपीट की तथा उनका मोबाइल फोन और गाड़ी की चाबी छीनकर उन्हें कुछ देर तक बंधक बनाए रखा। बाद में मोबाइल और चाबी लौटाते समय आरोपितों ने जबरन कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने का झूठा आरोप लगाते हुए एक वीडियो भी बनाया। वन राजिक अधिकारी ने इसे सरकारी कार्य में बाधा व सरकारी कर्मियों पर हमला बताते हुए पुलिस से आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।